PUBLICATION	EDITION	DATE
Roj Ki Khabar	Lucknow	11/04/2017

केमो फ्लोर एवं केमो ड्यूल कामधेनु पेंट्स की नई पेशकश

नई दिल्ली। कामधेनु पेंट्स ने फ्लोर कोट एवं प्राइमर की नई रेंज उत्तर प्रदेश के बाजार में पेश किया है। आकर्षक रंगों में उपलब्ध केमो फ्लोर आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप है एवं इसकी बेहतरीन गुणवत्ता सिमेंट फ्लोर को मनचाहा व सजावटी रंग प्रदान करती है। वहीं केमो ड्यूल प्राइमर घर की अंदरूनी और बाहरी दोनों ही दीवारों को बेहतरीन फिनिश देता है। केमो ड्यूल प्राइमर दीवारों को एवं केमो फ्लोर सिमेंट फर्श और कंक्रीट फ्लोर टाइल्स को टिकाऊ रंग देने के साथ सुरक्षा प्रदान करता है एवं उसे आकर्षक भी बनाता है। कामधेनु पेंट्स ने रिजॉर्ट, बंगलों, होटल, स्वतंत्र घरों एवं हाउसिंग सोसाइटी की आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले फ्लोर कोट को केमो फ्लोर ब्रांड के तहत बाजार में पेश किया है। कंपनी इस फ्लोर कोट को बेहद ही प्रतिस्पर्धी कीमत पर बाजार में उतार रही है ताकि ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती कीमत पर मिले। केमो फ्लोर कोट सिमेंट व कंक्रीट टाइल्स को आला दर्जे की फ्लोर कोटिंग देने के साथ आकर्षक लुक भी देता है। सिमेंट व कंक्रीट के साथ बहुत ही सरलता के साथ इस बेहतरीन कोट का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही कंपनी ने दोहरी खासियत वाले प्राइमर केमो ड्यूल को भी बाजार में उतारा है जो अंदरूनी व बाहरी दोनों ही दीवारों के लिए बेहतरीन है। एक की प्राइमर में दोनों खासियत होने के कारण ग्राहकों के लिए यह काफी किफायती है। कामधेनु पेंट्स के निदेशक सौरभ अग्रवाल ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि हम बाजार की जरूरतों के अनुसार अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बेहरीन रेंज को उपलब्ध कराते रहे। इसी क्रम में हमने ग्राहकों के लिए पेंट की नई रेंज केमो फ्लोर कोट व केमो ड्यूल प्राइमर को पेश किया है।